# सरदार पटेल देश की एकता के शिल्पकार



**भोपाल, 31 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का श्रवण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत माता की सेवा के भाव से आधुनिक भारत की इबारत लिखी. उन्होंने रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एकता और राष्ट्रनिर्माण की नींव रखी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अतीत की गलतियों को सुधारने का कार्य कर रहे हैं . चाहे राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना. डॉ. यादव ने कहा कि सरदार पटेल केवल नीति निर्माता नहीं, बल्कि भारत की एकता के शिल्पकार थे. उन्होंने चुनौतियों के बीच भी दृढ़ संकल्प और स्पष्ट दृष्टि से भारत को संगठित किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है कि महापुरुष किसी दल या विचारधारा की सीमाओं में नहीं बंधते. भाजपा सदैव उन सभी का सम्मान करती है जिन्होंने राष्ट्र के लिए कार्य किया. प्रधानमंत्री संग्रहालय इसी भावना का प्रतीक है, जहाँ सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को ससम्मान प्रदर्शित किया गया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन कर्तव्य, सेवा और राष्ट्रभक्ति का उदाहरण है.

### एकता राष्ट्रहित में सर्वोपरि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचारों को धरातल पर उतारा जा रहा है. उन्होंने कहा कि यदि हम एकता, परिश्रम और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर आगे बढ़ें, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा. कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, धर्मेन्द्र लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महामंत्री राहुल कोठारी, मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक भगवानदास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पंवार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष एम ऐजाज खान, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




## पटवारी ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

**भोपाल,31 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता, रवि सक्सेना, फिरोज सिद्दीकी, विक्रम चौधरी, रोशनी यादव, अभिनव बरोलिया तथा वरिष्ठ नेता आनंद तारण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

> इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पटवारी ने कहा कि वे वैश्विक स्तर पर 'आयरन लेडी ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध थीं. उनका नेतृत्व, साहस और देशभक्ति आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं. उन्होंने उनके अंतिम भाषण का उल्लेख करते हुए कहा मेरे शरीर का एक-एक कतरा इस देश की मिट्टी के काम आए, यह मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य होगा. उनकी शहादत देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है.



## सांसद गणेश सिंह ने क्रेन ऑपरेटर को जड़ा थप्पड़

**सतना, 31 अक्टूबर. सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर शहर के सेमरिया चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सांसद गणेश सिंह ने नगर निगम की क्रेन के संचालक को थप्पड़ मार दिया.**

देखते ही देखते घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला राजनीतिक चर्चाओं में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नगर निगम द्वारा लगाई गई हाइड्रोलिक क्रेन के सहारे सांसद गणेश सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रहे थे। इस दौरान क्रेन में अचानक झटका लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया। उतरते ही नाराज़ सांसद ने मौके पर मौजूद नगर निगम के मस्टर रोल श्रमिक गणेश कुशवाहा को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ जड़ दिया। घटना से माहौल तनावपूर्ण हो गया और कुछ समय तक हड़कंप की स्थिति बनी रही। नगर निगम प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा कि जिस हाइड्रोलिक क्रेन से माल्यार्पण कराया जा रहा था, वह अधिक भार झेलने में सक्षम नहीं थी। निर्धारित क्षमता से अधिक लोग चढ़ जाने के कारण झटका लगा, यह किसी की लापरवाही नहीं बल्कि तकनीकी समस्या थी।

## सांसदों के साथ रेलवे जीएम ने की बैठक




**भोपाल,31 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल परिक्षेत्र के सांसदगणों के साथ शुक्रवार को होटल ताज लेक फ्रंट , भोपाल में उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई.**

बैठक की अध्यक्षता राजगढ़ के सांसद रोडमल नागर ने की. महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सांसदगणों का स्वागत जीवंत पौधा, शॉल और श्रीफल देकर किया. महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 103 पुनर्विकसित स्टेशनों में पश्चिम मध्य रेलवे के 6 स्टेशन शामिल हैं, जिनमें भोपाल मंडल के नर्मदापुरम और शाजापुर स्टेशन भी हैं. भोपाल एवं बीना स्टेशनों का मेजर अपग्रेडेशन कार्य जारी है.

> मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियाँ और आगामी परियोजनाओं की जानकारी दी. सांसदों ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने, नई रेल लाइनें बनाने और ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने के सुझाव दिए. बैठक में सांसदों के प्रतिनिधिगण, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई.

## बड़े शहरों के आसपास विकसित होंगे देशी सब्जियों के कलस्टर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर.** प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण में स्वास्थ्य जागरुकता और पोषणयुक्त आहार की मांग को ध्यान में रखते हुए बड़े शहरों के आसपास देशी-सब्जियों की उन्नत किस्म के क्लस्टर विकसित किए जाएंगे. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत देशी-सब्जियों को स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुसार उत्पादन प्रोत्साहन का काम उद्यानिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है. आयुक्त उद्यानिकी अरविन्द दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत शहरी क्षेत्र के आसपास देशी सब्जियों की नई एवं उन्नत किस्म के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है. विभाग द्वारा सभी 10 संभागों के जिलों के नगरीय क्षेत्र के आसपास परंपरागत सब्जियों की नवीन उन्नत किस्म को प्रोत्साहित किया जा रहा है. इसमें तोरी/गिलकी, परवल, चिचिंडा, लौकी, करेला, टिंडा, खीरा, बैंगन, मुनगा, कुंदरु, चौलाई, पालक, पोई साग, गरूणी/ भाजी सब्जी फसलों के उत्पादन पर अनुदान सहायता दी जा रही है.

**विकसित मप्र** | स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर मध्यप्रदेश

## मप्र स्थापना दिवस पर जन-जन को शुभकामनाएं

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन हमें न केवल अपने अतीत की उपलब्धियों का स्मरण कराता है, बल्कि भविष्य की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने का संकल्प भी देता है।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ऊर्जावान नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में दृढ़तापूर्वक अग्रसर है। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बीते वर्षों में मध्यप्रदेश ने ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। राज्य सरकार ने स्वस्थ मध्यप्रदेश - सशक्त मध्यप्रदेश के मंत्र को व्यवहार में उतारते हुए स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और जनसेवा में संवेदनशीलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें। इसी दृष्टि से बीते समय में चिकित्सा संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। इन संस्थानों के माध्यम से न केवल डॉक्टरों और विशेषज्ञों की उपलब्धता बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँची हैं। राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आधुनिक प्रयोगशालाओं, सिमुलेशन सेंटर्स और ई-लर्निंग के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा को आधुनिक युग के अनुरूप बनाया जा रहा है।

> हमारा संकल्प है कि आने वाले वर्षों में प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो और हर नागरिक को अपने जिले में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, ई-संजीवनी जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना ने मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और प्रभावशीलता को नया आयाम दिया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने योजना के क्रियान्वयन को और अधिक सशक्त बनाया है,

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**( लेखक मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं )**




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14